# राज्य कोषालय पर पड़ेगा 3500 करोड़ का भार

**मामला 60 फीसदी मूंग एमएसपी पर खरीदने का**

**4 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त खरीदने की आएगी नौबत**

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 30 जुलाई. दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान से 8 घंटे पहले राज्य सरकार ने किसानों के सामने झुकते हुए 25 के बजाय 60 फीसदी मूंग उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी करने का निर्णय ले लिया है, ये निर्णय सरकार के खजाने पर अब भारी पड़ने वाला है**



राज्य सरकार के इस निर्णय के बाद कम से कम 4 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त मूंग की खरीदी करना पड़ सकती है, जिसके लिए सरकार को 3500 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किसानों को करना पड़ सकता है. दरअसल केंद्र सरकार ने मप्र से 4.52 लाख मीट्रिक टन ही ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदने का लक्ष्य रखा है. प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग की उपज 12 लाख मीट्रिक टन से अधिक होने की संभावना है. प्रदेश के चुनिंदा जिलों के किसानों ने मूंग की पूरी उपज को ही एमएसपी पर खरीदने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन की राह चुन ली थी. दिल्ली में हाल ही में हुए छात्रों के आंदोलन और फिर प्रदेश में दतिया विधानसभा उपचुनाव के चलते पहले ही दबाव में चल रही राज्य सरकार प्रदेश के किसानों के आंदोलन पर किसी तरह की सख्ती नहीं दिखा सकती थी. यदि ऐसा करती तो प्रदेश में किसानों का आंदोलन उग्र होने की संभावना बन जाती, वहीं दतिया विधानसभा उपचुनाव में भी सरकार के खिलाफ गलत संदेश जाता. लिहाजा पुलिस और प्रशासन को साफ निर्देश थे कि वे किसी भी स्थिति में किसानों पर बलप्रयोग नहीं करे. किसानों को भी पता था कि यही समय बिलकुल सही समय है, जब वह सरकार पर दबाव बनाकर अपनी बात मनवा ले. किसानों की यह रणनीति कारगर रही. होशंगाबाद के सेठानी घाट से भोपाल की तरफ कूच कर रहे किसानों को रोकने की कोशिश तो की गई, लेकिन बल प्रयोग नहीं किया गया, नतीजा किसानों ने दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी. अब किसान अपने घरों की ओर लौट गए हैं, वहीं सरकार अब ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी के लिए अतिरिक्त पैसों के इंतजाम में जुट गई है. केंद्र सरकार ने मप्र के लिए 4.52 लाख मीट्रिक टन ग्रीष्मकालीन मूंग एमएसपी पर खरीदी के लिए सहमति दी है. यानी इतनी खरीदी पर पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाएगी.

**केंद्र पर दबाव बनाने का सिलसिला जारी रहेगा**

मिले संकेतों के मुताबिक राज्य सरकार केंद्र सरकार पर अतिरिक्त खरीदी के लिए दबाव बना सकती है. इस मामले में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान भी बैकपुट पर हैं. भले ही उन्होंने नियमों का हवाला देकर 25 फीसदी से अधिक खरीदी इंकार कर दिया है, लेकिन रियायत देने का अधिकार भी उनके पास है. ऐसे में मप्र के लिए और अतिरिक्त खरीदी की मंजूरी दी जा सकती है. मप्र ने तो 8 लाख मीट्रिक टन एमएसपी पर मूंग खरीदने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है. यदि केंद्र से अतिरिक्त खरीदी की मंजूरी मिली तो राज्य सरकार पर वित्तीय भार उतना ही कम हो जाएगा.



## मौसम : 2 दिन भारी बारिश फिर घटेंगी गतिविधियां

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 30 जुलाई. मध्यप्रदेश में मानसून फिलहाल सक्रिय बना हुआ है और अगले 48 घंटे प्रदेश के कई हिस्सों के लिए अहम रहने वाले हैं. मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के भोपाल केंद्र ने गुरुवार को जारी पूर्वानुमान में नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा और खरगोन समेत कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी है.**

विभाग के अनुसार 31 जुलाई को प्रदेश में बारिश सबसे ज्यादा प्रभावी रहेगी. इसके बाद 1 अगस्त से बारिश की तीव्रता धीरे-धीरे कम होगी, जबकि 2 और 3 अगस्त को अधिकांश जिलों में केवल गरज-चमक, बिजली गिरने और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गई. सबसे अधिक 143.4 मिमी बारिश हरदा जिले के रहटगांव में हुई. इसके बाद पचमढ़ी में 130 मिमी, मैहर में 107 मिमी, बदनावर में 99 मिमी, खलघाट में 90 मिमी और बैतूल में 87.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई. गाडरवारा में 79 मिमी, तामिया में 70 मिमी, पौहरी में 65 मिमी और दमोह में 57.3 मिमी बारिश दर्ज की गई. लगातार बारिश से कई इलाकों में नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ा है.

भोपाल में गुरुवार को दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही. शहर के कई हिस्सों में रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश हुई. अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया. हवा में नमी अधिक रहने से उमस बनी रही. मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में भोपाल में गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश, बिजली गिरने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है.

31 जुलाई तक नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा और खरगोन में कहीं-कहीं अति भारी बारिश हो सकती है. रायसेन, सीहोर, बैतूल, बड़वानी, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास और शाजापुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. भोपाल, विदिशा, राजगढ़, रतलाम, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और श्योपुर समेत कई जिलों में गरज-चमक, बिजली गिरने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं.

### एक नजर में

**राजनीतिक दलों को सौंपी गई अंतिम मतदाता सूची**

**ग्वालियर.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रुचिका चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई. बैठक में नगरीय निकायों की वर्ष 2026 की अंतिम मतदाता सूची की प्रतियां सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रदान की गईं. बैठक में बताया गया कि ग्वालियर जिले की अनुमानित जनसंख्या 25 लाख है. निर्धारित ईपी रेशो के अनुसार जिले में लगभग 16 लाख मतदाता होने चाहिए, जबकि अंतिम मतदाता सूची में यह संख्या निर्धारित मानक से 58,613 अधिक है. बैठक में कांग्रेस, भाजपा, बसपा और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी भी उपस्थित रहे.

**रिश्वत लेते पकड़ा गया सहायक सचिव**

**दमोह.** जबेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत परासईं में सागर लोकायुक्त टीम ने कथित रूप से 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते सहायक सचिव राजेश सिंह लोधी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. शिकायतकर्ता संजू रैकवार का आरोप है कि उनके एवं उनकी माता के प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य के एवज में करीब 30 हजार रुपये की मांग की गई थी. उनका कहना है कि पहले 20 हजार रुपये लिए जा चुके थे, जिसके बाद दोबारा 8 हजार रुपये की मांग की गई. शिकायत के बाद सागर लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सहायक सचिव को रिश्वत की राशि लेते हुए पकड़ लिया.

## छात्रों को अब एक स्वयं कोर्स में पंजीयन कराना अनिवार्य

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 30 जुलाई. उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी, निजी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे अपने प्रत्येक विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर संचालित कम से कम एक पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराएं.**

बता दें विभाग द्वारा 26 जुलाई को की गई समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई थी कि जुलाई 2026 सेमेस्टर के लिए पोर्टल पर 1700 से अधिक ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध होने के बावजूद छात्रों का नामांकन बेहद कम है. जिसको लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में फैकल्टीवार, विषयवार और कक्षावार जागरूकता अभियान चलाने को भी कहा गया है. जिसमें छात्र अपनी पसंद के अनुसार मेजर, माइनर, वोकेशनल, यूपीएससी, पीएससी या स्किल डेवलपमेंट से जुड़े ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का चयन कर सकेंगे. साथ ही विभाग ने व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए प्रत्येक संस्थान में नोडल अधिकारी तैनात कर उन्हे प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं.

## आदिवासी अधिकारों पर अध्ययन करेगी कांग्रेस

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 30 जुलाई. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित मध्य प्रदेश आदिवासी अधिकार, संरक्षण एवं सशक्तिकरण समिति की पहली बैठक गुरुवार को भोपाल में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अध्यक्षता में आयोजित हुई.**




बैठक में प्रदेश के आदिवासी समाज से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके अधिकारों की रक्षा और समग्र विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्णय लिया गया. बैठक में संविधान प्रदत्त अधिकारों की सुरक्षा, जल, जंगल और जमीन पर आदिवासी समुदाय के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा आजीविका से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी. समिति ने इन मुद्दों पर समन्वित प्रयासों के माध्यम से व्यापक कार्ययोजना तैयार कर राज्यभर में प्रभावी पहल करने का संकल्प लिया. उमंग सिंघार ने कहा कि समिति प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्थानीय परिस्थितियों और आदिवासी समुदाय की समस्याओं का अध्ययन करेगी तथा उनके मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएगी.

बैठक में चरणबद्ध तथ्य-संग्रह अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रम चलाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि जमीनी स्तर से प्राप्त जानकारी के आधार पर ठोस सुझाव और प्रभावी रणनीति तैयार कर आदिवासी समुदाय की समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल की जा सके.

## महिलाओं पर कथित टिप्पणी : कांग्रेस का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 30 जुलाई. अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश तथा मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के आदेश पर जिला महिला कांग्रेस, भोपाल ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर बिलकिस बानो प्रकरण के दोषियों के कथित स्वागत तथा सांसद कंगना रनौत द्वारा महिला प्रदर्शनकारियों पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन किया.**



प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, न्याय और सुरक्षा के मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जब महिलाएं अपने अधिकारों और न्याय के लिए आवाज उठाती हैं, तब जनप्रतिनिधियों और समाज का दायित्व है कि वे उनकी गरिमा की रक्षा करें, न कि उसे ठेस पहुंचाने वाले बयान दें.

महिला कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि महिलाओं के प्रति असंवेदनशील टिप्पणियां और दोषियों के प्रति नरम रवैया समाज में गलत संदेश देता है तथा महिलाओं के न्याय और सुरक्षा को लेकर लोगों का विश्वास कमजोर करता है.

जिला महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध, अन्याय और अपमानजनक बयानों के विरुद्ध पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा. उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा नेताओं से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के मुद्दे पर अधिक संवेदनशील रुख अपनाने की मांग की.

## कानपुर-मदुरई ट्रेन के 4 अतिरिक्त फेरे

### श्रावण मेले में यात्रियों को राहत

**भोपाल,, 30 जुलाई. यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कानपुर सेंट्रल-मदुरई-कानपुर सेंट्रल विशेष ट्रेन के चार अतिरिक्त फेरे संचालित करने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना, भोपाल और इटारसी सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे मध्यप्रदेश के यात्रियों को भी राहत मिलेगी.**


गाड़ी संख्या 01925 कानपुर सेंट्रल-मदुरई स्पेशल 5 अगस्त से 26 अगस्त 2026 तक प्रत्येक बुधवार कुल चार फेरे लगाएगी. वहीं 01926 मदुरई-कानपुर सेंट्रल स्पेशल 8 अगस्त से 29 अगस्त 2026 तक प्रत्येक शनिवार चार फेरे संचालित होगी. ट्रेन का ठहराव भोपाल, इटारसी, नागपुर, विजयवाड़ा, काटपडी, सालेम, करूर और डिंडीगुल सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा. रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले समय-सारिणी और आरक्षण की स्थिति की पुष्टि करने की अपील की है.

**इसरदा पर 5 ट्रेनों का अस्थायी ठहराव**

**भोपाल.** श्रावण मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने जयपुर मंडल के इसरदा स्टेशन पर भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली 5 ट्रेनों को दो मिनट का अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है. यह सुविधा 3, 10, 17 और 24 अगस्त को उपलब्ध रहेगी. अस्थायी ठहराव पाने वाली ट्रेनों में 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस, 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस, 12975 मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस, 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस और 04716 साईंनगर शिर्डी-बीकानेर स्पेशल शामिल हैं. रेलवे के अनुसार यह व्यवस्था श्रावण मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए की गई है. यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की अद्यतन समय-सारिणी और परिचालन स्थिति की जानकारी लेकर ही सफर करने की अपील की गई है.

## वन अधिकार अधिनियम का समन्वय से हो क्रियान्वयन

**भोपाल, 30 जुलाई. मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि वन अधिकार अधिनियम-2006 जनजातीय कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कानून है और इससे जुड़े सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें.**



राज्यपाल पटेल ने लोकभवन में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में कहा कि आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा जिम्मेदार नागरिकों का सहयोग भी लिया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप ग्राम सभाओं की समुचित प्रक्रिया अपनाई जाए तथा सभी कार्य सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों. उन्होंने सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों, संरक्षण एवं प्रबंधन की जिलेवार समीक्षा करते हुए पेसा ग्रामों में अधिनियम की प्रगति की जानकारी ली.

**ग्वालियर में अलग-अलग इलाकों में फायरिंग**

**ग्वालियर.** शहर में बीती रात अलग-अलग क्षेत्रों में हुई फायरिंग की घटनाओं से दहशत फैल गई. पुलिस ने तीनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार पहली घटना मुरार थाना क्षेत्र के बड़ागांव स्थित एक शराब दुकान पर हुई. बाइक पर सवार तीन युवक दुकान पर पहुंचे और मुफ्त शराब की मांग करने लगे. दुकान संचालक द्वारा शराब देने से इनकार करने पर आरोपियों ने हवाई फायरिंग की और वहां से भाग निकले. कुछ देर बाद आरोपी दोबारा मौके पर पहुंचे और फिर गोली चलाकर फरार हो गए. पुलिस ने आरोपियों की पहचान सैफ अली खान तथा उसके साथियों के रूप में की है.

## नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 30 जुलाई . प्रदेशव्यापी 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है.**

जनजागरुकता अभियान के साथ-साथ पुलिस लगातार तस्करों पर शिकंजा कस रही है. पिछले तीन दिनों के दौरान विभिन्न जिलों में पुलिस ने मादक पदार्थ, वाहन, हथियार एवं अन्य सामग्री सहित 25 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना पुलिस ने बिना नंबर की स्विफ्ट कार से 193.92 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया.

इस कार्रवाई में 8 .87 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया. वहीं भानपुरा थाना पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से 170 ग्राम एमडीएमए और 4 .5 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद कर करीब 1 .88 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की. उधर विदिशा कोतवाली थाना पुलिस ने दो आरोपियों के पास से लगभग 10 लाख रुपये मूल्य की 80 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की. शाजापुर के मक्सी थाना पुलिस ने भी 4 .80 लाख रुपये कीमत की अवैध स्मैक जब्त कर दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया. पुलिस का कहना है कि अभियान का उद्देश्य नशीले पदार्थों की पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर प्रभावी प्रहार करना है.

**3 हजार की रिश्वत लेते कम्प्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार**

**नरसिंहपुर.** जिले के गाडरवारा तहसील कार्यालय में लोकायुक्त पुलिस जबलपुर ने आज छापामार कार्रवाई कर एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया. लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार तहसील कार्यालय में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर अजय कुमार श्रीवास्तव ने बरहटा गांव निवासी आशीष कौरव से भूमि के नक्शा दुरुस्तीकरण प्रकरण को स्वीकृत करने के एवज में पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी.


भारत का 57वां अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव, गोवा

कहानियाँ, सीमाओं से परे

प्रविष्टियों का आमंत्रण

सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज़ (OTT) पुरस्कार, 2026

योग्यता

- समय सीमा: 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2026 के बीच निर्मित और OTT प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हुई वेब-सीरीज़
- समस्त एपिसोड्स की न्यूनतम कुल प्रसारण अवधि: 120 मिनट
- प्रत्येक एपिसोड की न्यूनतम अवधि: 20 मिनट
- एपिसोड की न्यूनतम संख्या: 3
- भाषा: कोई भी भारतीय भाषा (अंग्रेज़ी सबटाइटल्स - EST के साथ)


आवेदनकर्ता?

भारतीय निर्माता, प्रोडक्शन हाउस या OTT प्लेटफॉर्म्स

ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि: 10 अगस्त, 2026, शाम 6:00 बजे (IST)

हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि: 17 अगस्त, 2026, शाम 6:00 बजे (IST)

आवेदन करने और विस्तृत निर्देशों के लिए, कृपया देखें: www.iffigoa.org



पूछताछ के लिए, संपर्क करें: webseriesaward@gmail.com

CBC 22105/11/0009/2627


**राहत** — अब आयुर्वेद और यूनानी डॉक्टरों को नहीं कह सकेंगे 'झोलाछाप'

## आयुष चिकित्सकों को मिला सम्मान

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 30 जुलाई. मप्र सहित देश भर के 8 लाख से अधिक पंजीकृत आयुष चिकित्सकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है.**

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के आचार और पंजीयन बोर्ड ने एक आधिकारिक सर्कुलर जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा और सोवा-रिग्पा पद्धतियों के पंजीकृत डॉक्टरों को अब कोई भी 'झोलाछाप' या 'फर्जी डॉक्टर' नहीं कह सकता. आयोग के आचार एवं पंजीयन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुश्रुत कन्नौजिया द्वारा जारी परिपत्र में साफ किया गया है कि इन पद्धतियों के चिकित्सक बाकायदा मान्यता प्राप्त संस्थानों से स्नातक डिग्री प्राप्त और पूर्णत: प्रशिक्षित होते हैं. वे भारतीय चिकित्सा राष्ट्रीय परिषद अधिनियम 1970 और एनसीआईएसएम एक्ट 2020 के कानूनी प्रावधानों के तहत पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी हैं. ऐसे में उन्हें झोलाछाप या फर्जी कहना न केवल गलत है, बल्कि पूरी तरह से गैर-कानूनी है.

**लंबे संघर्ष के बाद मिली बड़ी सफलता**

बता दें इस ऐतिहासिक निर्णय के पीछे अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की प्रांतीय इकाई 'मध्यप्रदेश आयुर्वेद सम्मेलन' ने भी निरंतर प्रयास किया है. संगठन लंबे समय से आयुष मंत्रालय और आयोग के समक्ष इस विषय को प्रमुखता से उठा रहा था. संगठन के प्रांताध्यक्ष डॉ. विनोद बैरागी ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि वर्षों के संघर्ष के बाद आखिरकार आयुष चिकित्सकों को उनका वाजिब सम्मान और अधिकार मिला है. अब वे बिना किसी मानसिक दबाव और हिचकिचाहट के गौरव के साथ अपनी सेवाएं दे सकेंगे. वहीं मप्र आयुर्वेद सम्मेलन के डॉ. राकेश पाण्डेय ने एनसीआईएसएम के अध्यक्ष डॉ. सुश्रुत कन्नौजिया और केंद्रीय आयुष मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 43 आयुर्वेद, यूनानी और अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के शैक्षणिक संस्थान संचालित हो रहे हैं. इस आदेश के बाद पंजीकृत आयुष डॉक्टरों को एक नया संबल और पहचान मिली है.

### पेज एक का शेष

## दिलीप गावित ने रचा स्वर्णिम इतिहास

कारण उन्हें अपना बायां हाथ गंवाना पड़ा। सीमित संसाधनों और खेल सुविधाओं के अभाव वाले ग्रामीण परिवेश में बड़े हुए गावित के लिए एथलेटिक्स का सपना लगभग असंभव माना जाता था। लेकिन उनके स्कूल में प्रतिभा पहचानने वाले कोच वैजयंत काले ने उन्हें प्रशिक्षण दिया और यही उनके जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। गावित ने शुरुआती दिनों में सामान्य खिलाड़ियों के बीच भी अपनी गति का लोहा मनवाया और खेलो इंडिया यूथ गेम्स सहित कई प्रतियोगिताओं में पदक जीते ।बारिश से भीगी ट्रैक पर रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद गावित ने कहा कि शुरुआत धीमी रही, लेकिन बाद में उन्होंने लय पकड़ ली।

**अगला लक्ष्य**

अब उनका अगला लक्ष्य सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले पैरा एशियन गेम्स और 2028 के लॉस एंजिलिस पैरालंपिक में भारत के लिए स्वर्णिम सफलता हासिल करना है। उनके संघर्ष, संकल्प और उपलब्धि ने देशभर के खिलाड़ियों के लिए नई प्रेरणा की मिसाल पेश की है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14